चना फली भेदक का जीवन चक्र :

1. चना फली भेदक का जीवन चक्र 30–37 दिन का व चार अवस्थाओं का होता है– अण्डा, सूड़ी, कोषक एवं पतंगा ।
2. प्रौढ़ मादा पतंगा अपने जीवन काल में 500–1700 अंडे देती है। यह अंडे 1 मिमी. से कम व्यास वाले, गोल आकार के पीले रंग के होते हैं जो फूल पत्तियों व कलियों पर बिखरे रहते हैं। इन अण्डों से 5–7 दिनों में सूड़ी निकल जाती है।
3. चना फली भेदक की सूड़ी 12–14 दिनों में 5–6 बार अपना केचुल बदलते हुए बड़ी होती है। चना फली भेदक की सूड़ी 12–14 दिनों तक फसल को नुकसान पहुॅचाती है और फिर धीरे धीरे कोषक में परिवर्तित हो जाती है। यह कोषक सुप्त अवस्था में जमीन के अंदर पड़ा रहता है और 8–10 दिनों बाद अनुकूल वातावरण मिलने पर कोषक से पतंगा निकलता है।
4. मादा पतंगा 5–6 दिनों में अंडे देना शुरू कर देती है और इस प्रकार चना फली भेदक की दूसरी पीढ़ी का जीवन चक्र प्रारम्भ होता है।

चना फली भेदक का जीवन चक्र